प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

08.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री–एआई स्टार्टअप्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्टार्टअप्स व ए.आई.उद्यमी भारत के भविष्य के सह–शिल्पकार हैं और देश में नवाचार के लिए अत्यधिक क्षमता है। नई दिल्ली में आज अपने आवास पर इंडियन ए.आई. स्टार्टअप्स् के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ने समाज में परिवर्तन लाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विश्व के लिए मेक इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड की भावना को दर्शाने वाले अद्भुत ए.आई मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में विश्व का विश्वास है। नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि भारतीय ए.आई मॉडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता के सिद्धांतों पर आधारित हों।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं का समावेश करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी जो अगले 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं के समावेश से नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के समय और साधनों की बचत होने के साथ सेवाओं में गुणवत्ता भी आएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमकेयर योजना के तहत पंचायत स्तर तक मैपिंग का कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें मरीज के उपचार से संबंधित डेटा भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि आभा कार्ड का एकीकरण हिम परिवार पोर्टल से किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी बैठक में मौजूद रहे।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में मिशन रिपीट को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने आज शिमला में पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया। विनय कुमार ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस पार्टी 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी।

विकसित भारत संवाद

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। केन्द्रीय खेल और युवा मामले मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूप रेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे। मांडविया ने कहा कि भारत, दुनिया भर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है।